हम दिल्लीवासियों को बताएंगे अपनी सरकारों की उपलब्धियां : शीला

नई दिल्ली, 23 अप्रैल (ए)। दिल्ली की छह लोकसभा सीटों पर कांग्रेस की ओर से उम्मीदवारों की घोषणा के बाद पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने सोमवार को कहा कि इस चुनाव में उनकी पार्टी दिल्ली एवं केंद्र में रही पिछली कांग्रेस सरकारों की उपलब्धियों के बारे में जनता को बताएगी। उत्तर पूर्वी दिल्ली से उम्मीदवार घोषित शीला ने कहा कि उनकी पार्टी दिल्ली में त्रिकोणीय मुकाबले की चुनौती स्वीकार करने को तैयार है। उन्होंने कहा,'हम केंद्र एवं दिल्ली में रही कांग्रेस सरकार की उपब्धियों का उल्लेख करते हुए जल्द ही चुनाव प्रचार आरंभ करेंगे। गौरतलब है कि कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को उत्तर-पूर्वी दिल्ली से टिकट देने के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अजय माकन को नई दिल्ली, जेपी अग्रवाल को चांदनी चौक, राजेश लिलोठिया को उत्तर-पश्चिम दिल्ली, महाबल मिश्रा को पश्चिमी दिल्ली और अरविंदर सिंह लवली को पूर्वी दिल्ली से उम्मीदवार बनाया है।

सुप्रीम कोर्ट में राहुल ने खेद जताकर और कम की अपनी विश्वसनीयता : जेटली

नई दिल्ली, 23 अप्रैल (ए)। वित्त मंत्री अरुण जेटली ने कहा कि राहुल गांधी की विश्वसनीयता बहुत कम है और राफेल फैसले के संबंध में अपने बयान को लेकर उच्चतम न्यायालय में खेद जताकर कांग्रेस अध्यक्ष ने इसे और घटा लिया है। राहुल गांधी ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय में एक हलफनामा दायर कर कहा कि राफेल के संबंध में उनका 10 अप्रैल का बयान पूरी तरह राजनीतिक था और भाजपा के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ सरकार नीत दुष्प्रचार अभियान से निपटने के लिए दिया गया था।क्रांग्रेस अध्यक्ष भाजपा सांसद मीनाक्षी लेखी द्वारा दायर एक याचिका पर जारी अदालत के नोटिस का जवाब दे रहे थे। लेखी ने आरोप लगाया था कि गांधी ने अपनी निजी टिप्पणी को शीर्ष अदालत के मत्थे मढ़ दिया और पूर्वाग्रह उत्पन्न करने की कोशिश की। जेटली ने एक वीडियो संदेश में कहा कि गांधी की विश्वसनीयता बहुत कम है जो उच्चतम न्यायालय में खेद जताने के साथ ही और घट गई।

चिदंबरम ने जेटली से पूछा, भाजपा सरकार में घुसपैठ, मृतकों की संख्या सबसे ज्यादा क्यों

नई दिल्ली, 23 अप्रैल (ए)। पाकिस्तान पर पी चिदंबरम की हालिया टिप्पणियों को लेकर अरुण जेटली द्वारा उनकी आलोचना पर पलटवार करते हुए कांग्रेसी नेता ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री को इस बारे में स्पष्टीकरण देना चाहिए कि भाजपा सरकार में घुसपैठ, घुसपैठियों एवं मृतकों की संख्या सबसे ज्यादा क्यों है। जेतली ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री चिदंबरम के इस बयान की निंदा की थी कि भारत को पाकिस्तान के प्रति ''अपने व्यवहार को बदलना चाहिए। जेतली ने कहा था, ''पी चिदंबरम भारत से अपना व्यवहार बदलने के लिए कहकर पाकिस्तान का पक्ष क्यों ले रहे हैं क्या हम आतंकवाद के पीड़ित बने रहें और कुछ नहीं करें जेटली पर पलटवार करते हुए चिदंबरम ने कहा कि उन्हें कांग्रेस का घोषणापत्र पढना चाहिए जिसमें आतंकवाद खत्म करने तथा आतंकवादियों की घुसपैठ रोकने के लिए कड़े कदम उठाने तथा बिना कोई समझौते वाला रुख का वादा है। चिदंबरम ने ट्वीट किया, ''जेतली जी बताइए कि भाजपा सरकार में 2018 में घुसपैठ, घुसपैठियों और मृतकों (आम नागरिक और सुरक्षा बल) की संख्या सबसे ज्यादा क्यों है।

चुनाव पर पैसे बांटने का प्लान फेल, ट्रक में छिपाई गई लाखों की नकदी आग में खाक

श्रीनगर, 23 अप्रैल (ए)। दक्षिण कश्मीर में अनंतनाग लोकसभा सीट पर चुनावों से एक दिन पूर्व काजीगुंड में रहस्यमय परिस्थितियों में एक ट्रक में लगी आग में लाखों रुपये मूल्य की भारतीय करंसी भी तबाह हो गई। फिलहाल, पुलिस ट्रक चालक व क्लीनर को हिरासत में लेकर ट्रक में नष्ट हुई करंसी के बारे में पूछताछ कर रही है। सोशल मीडिया पर एक विडियो भी वायरल हो रहा है जिसमें 500 रुपये के जले हुए कुछ नोट ट्रक में और सड़क पर बिखरे हुए दिख रहे हैं।

देश का पहला लोकपाल दफ्तर दिल्ली के एक पांच सितारा होटल से काम करेगा

नई दिल्ली, 23 अप्रैल (ए)। देश का पहला लोकपाल दफ्तर दिल्ली के एक पांच सितारा होटल से काम करेगा। लोकपाल अध्यक्ष और इसके सभी आठ सदस्यों और सहायक कर्मचारियों को होटल परिसर में जगह आवंटित की जा रही है। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। उन्होंने कहा कि लोकपाल का कार्यालय चाणक्यपुरी स्थित द अशोक होटल से काम करेगा। हालांकि यह उसका अस्थायी कार्यालय होगा। बता दें कि 23 मार्च को राष्ट्रपति कोविंद ने देश के पहले लोकपाल अध्यक्ष के तौर पर पूर्व जस्टिस पिनाकी चंद्र घोष को शपथ दिलाई थी जबकि लोकपाल के आठ सदस्यों को पूर्व जस्टिस घोष ने 27 मार्च को शपथ दिलाई थी। विभिन्न उच्च न्यायालयों के पूर्व मुख्य न्यायाधीश, जस्टिस दिलीप बी भोसले, प्रदीप कुमार मोहंती, अभिलाषा कुमारी और अजय कुमार त्रिपाठी ने लोकपाल के न्यायिक सदस्यों के रूप में शपथ ली थी जबकि सशस्त्र सीमा बल की पहली महिला प्रमुख अर्चना रामासुंदरम, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्य सचिव दिनेश कुमार जैन, पूर्व आइएएस अधिकारी महेंद्र सिंह और गुजरात कैडर के पूर्व आइएएस अधिकारी इंद्रजीत प्रसाद गौतम ने लोकपाल के गैर-न्यायिक सदस्यों के रूप में शपथ ली थी।

जल्द ही रूस की यात्रा करेंगे किम जोंग उन : केसीएनए

सियोल, 23 अप्रैल (ए)। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ पहली शिखर वार्ता में शामिल होने के लिए ''जल्द'' ही रूस की यात्रा करेंगे। उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया ने इस संबंध में रूस की पहले की गई घोषणा की पुष्टि की। उत्तर कोरिया की आधिकारिक केसीएनए संवाद समिति ने कहा कि किम पुतिन के ''आमंत्रण पर जल्द रूस की यात्रा करेंगे। उसने कहा, ''इस यात्रा के दौरान दोनों वार्ता करेंगे।'' केसीएनए ने यह नहीं बताया कि दोनों कब और कहा मुलाकात करेंगे। इससे पहले पिछले साल रूस ने कहा था कि दोनों नेताओं के बीच 15 अप्रैल के बाद रूस में मुलाकात होगी लेकिन उसने भी विस्तृत जानकारी मुहैया नहीं कराई थी। किम और पुतिन के बीच बैठक संभवत: आगामी बुधवार या गुरुवार को व्लादीवोस्तोक में हो सकती है। दोनों राष्ट्रों के मध्य होने वाला यह शिखर सम्मेलन आठ साल बाद होगा। आठ साल पहले किम जोंग द्वितीय ने रूसी प्रमुख दिमित्री मेदवेदेव से मुलाकात हुई थी।

कुपोषण का मुख्य कारण गरीबी नहीं भोजन में विविधता की कमी, शिक्षित मां कर सकती है अपने शिशु का बचाव

वास्को द गामा, 23 अप्रैल (ए)। एक नए अध्ययन से सामने आया है कि बच्चों में कुपोषण का कारण केवल गरीबी नहीं होता है, बल्कि उनके भोजन में विविध प्रकार के आहार की कमी होती है। एक शिक्षित मां चाहे उसकी आर्थिक हालत जैसी भी हो वह अपने बच्चे को कुपोषण से बचा सकती है।

शोधकर्ताओं ने पाया कि बच्चों को दिए जाने वाले आहार में विविधता बहुत कम है। जबकि, आहार की अपर्याप्त मात्र का प्रतिशत अधिक देखा गया है। शिशु आहार में कद्दू, गाजर, हरे पत्ते वाली सब्जियां, मांस, मछली, फलियां और मेवे जैसे अधिक पोषण युक्त आहार पर्याप्त मात्र में शामिल करने में मां के शैक्षणिक स्तर का बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है। आर्थिक रूप से सम्पन्न परिवारों में शिशुओं के लिए डिब्बाबंद खाद्य उत्पादों का उपयोग अधिक होता है। जूस, रेडीमेड शिशु आहार और योगर्ट जैसे खाद्य उत्पादों का उपयोग गरीब परिवारों की तुलना में अमीर परिवारों में लगभग चार गुना अधिक होता है। वहीं, शिक्षित माताओं के कारण रेडीमेड शिशु आहार चार गुना, जूस और योगर्ट तीन गुना तथा मछलियों, सूप और दुग्ध उत्पाद दो गुना अधिक उपयोग किए जाते हैं।

नई दिल्ली स्थित टाटा ट्रस्ट व आर्थिक विकास संस्थान और अमेरिकी शोधकर्ताओं द्वारा संयुक्त रूप से किए गए इस अध्ययन में विभिन्न सामाजिक एवं आर्थिक स्तरों पर बच्चों को दिए जाने वाले आहार की पर्याप्त मात्र और विविधता को बच्चों के कुपोषण से जुड़ा प्रमुख कारक माना गया है। शोधकर्ताओं ने राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 के आंकड़ों के आधार पर छ से 23 माह के लगभग 74 हजार बच्चों में भोजन सामग्री के उपयोग और आहार विविधता का आकलन किया है। हारवर्ड यूनिवर्सिटी के वरिष्ठ शोधकर्ता प्रोफेसर एसवी सुब्रमण्यन का मानना है कि भारत में बच्चों के पोषण के लिए जरूरी विविधतापूर्ण आहार की कमी एक आम समस्या है जो सिर्फ गरीब आबादी तक सीमित नहीं है। गरीब परिवारों में आहार में विविधता की कमी का कारण गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थों को खरीदने और उनका उपभोग करने में सक्षम न होने की कठिनाई हो सकती है। जबकि, आर्थिक रूप से समृद्ध परिवारों में इस कमी का कारण जागरूकता के अभाव को दर्शाता है।

अध्ययन से जुड़ीं प्रमुख शोधकर्ता डॉ. सुतपा अग्रवाल ने बताया कि केवल मां या अभिभावकों की शिक्षा का स्तर ही बच्चों को पौष्टिक भोजन खिलाने के लिए पर्याप्त नहीं है। यह शोध यूरोपियन जर्नल ऑफ क्लीनिकल न्यूट्रीशन में प्रकाशित किया गया है। इससे जुड़े शोधकर्ताओं में राजन शंकर एवं स्मृति शर्मा, इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक ग्रोथ, नई दिल्ली के विलियम जो, अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के रॉकली किम, चेन स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ, बोस्टन के जैवेल गौसमान और एस.वी. सुब्रमण्यन शामिल थे।

कांग्रेस के टिकट पर दक्षिणी दिल्ली से चुनावी ताल ठोकेंगे बॉक्सर विजेंद्र



नई दिल्ली, 23 अप्रैल (ए)। कांग्रेस ने दक्षिणी दिल्ली लोकसभा सीट से ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंद्र सिंह को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी की ओर से जारी बयान के मुताबिक दक्षिणी दिल्ली से विजेंद्र उसके उम्मीदवार होंगे। इस सीट पर विजेंद्र का मुकाबला भाजपा के रमेश बिधूड़ी और आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा से होगा। विजेंद्र ने 2008 के बीजिंग ओलंपिक में देश के लिए कांस्य पदक जीता था। उम्मीदवार घोषित होने के बाद विजेंद्र ने ट्वीट कर कहा, 20 वर्षों से अधिक के अपने मुक्केबाजी के कैरियर में मैंने रिंग में रहते हुए अपने देश को सदा गौरवान्वित किया। अब समय आ गया है कि मैं अपने लिए परिवार नहीं है। यह शोध देशवासियों के लिए कुछ करूं और उनकी सेवा करूं।

उन्होंने कहा, मैं इस अवसर को स्वीकार करता हूं और इस जिम्मेदारी के लिए कांग्रेस पार्टी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का आभार प्रकट करता हूं। उनकी उम्मीदवारी की घोषणा के साथ ही कांग्रेस ने दिल्ली की सातों सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को उत्तर-पूर्वी दिल्ली से टिकट दिया गया है जहां से दिल्ली भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी और आप नेता दिलीप पांडे चुनावी मैदान में है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अध्यक्ष अजय माकन को नई दिल्ली, जेपी अग्रवाल को चांदनी चौक, राजेश लिलोठिया को उत्तर-पश्चिम दिल्ली , महाबल मिश्रा को पश्चिमी दिल्ली और अरविंदर सिंह लवली को पूर्वी दिल्ली से उम्मीदवार बनाया गया है। गौरतलब है कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव के लिए अब तक कुल 422 उम्मीदवार घोषित कर चुकी है जिनमें संप्रग प्रमुख सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के नाम भी शामिल हैं।

नरेन्द्र मोदी की बारामती रैली रद्द

नईदिल्ली, 23 अप्रैल (ए)। प्रधानमंत्री मोदी ने बारामती की अपनी रैली को रद्द कर एन.सी.पी. सुप्रीमो शरद पवार को यह संदेश साफ दे दिया है कि चुनावों के बाद वह उनके साथ काम कर सकते हैं। शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले यहां से भाजपा नेता कंचन कुल के सामने चुनावी समर में हैं। यहां मोदी ने खुद रैली को संबोधित करने की बजाय अमित शाह को भेजा। इस सीट पर मंगलवार को चुनाव होगा। भाजपा के स्थानीय नेता मोदी का इंतजार कर रहे थे ताकि वह यहां आकर पवार के वर्चस्व को चुनौती दे सकें। मोदी ने महाराष्ट्र में पिछली 7 रैलियों में पवार पर वंशवाद की राजनीति को लेकर जमकर हमला बोला था, लेकिन अपनी रैली को रद्द कर कुछ हद तक मोदी ने एन.सी.पी. को राहत दी है, वहीं भाजपा कार्यकर्त्ताओं को निराश किया है। हालांकि जो यह जानते हैं कि मोदी बिना कारण कुछ नहीं करते । मोदी को ऐसी फीड बैक मिली है कि महाराष्ट्र की 48 सीटों में से एन.सी.पी. को 9-12 व कांग्रेस को 8-10 सीटें मिलने का अनुमान है। इसलिए मोदी की सोच है कि अगर लोकसभा में उन्हें पूर्ण बहुमत नहीं मिला तो वह एन.सी.पी. टाइप दलों से समर्थन ले सकते हैं। यह भी हैरत वाली बात है कि मोदी पवार पर भ्रष्टाचार को लेकर भी हमलावर नहीं हैं। उन्होंने केवल 2 बार ही पवार को भ्रष्टाचार पर घेरा।

गांधीनगर सीट से 6 बार सांसद, इस बार आम वोटर के रूप में आडवाणी ने किया मतदान

गांधीनगर, 23 अप्रैल (ए)। भारतीय राजनीति को 1990 के दशक में दो ध्रुवीय बनाने और बीजेपी को देश भर में उभारने वाले लालकृष्ण आडवाणी इस बार चुनावी समर से बाहर हैं। उनकी परंपरागत सीट रही गांधीनगर से अब बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह मैदान में हैं। मंगलवार को करीब तीन दशक के लंबे राजनीतिक करियर के बाद पहली बार आडवाणी ने प्रत्याशी के रूप में नहीं बल्कि एक आम वोटर के रूप में मतदान किया। इस दौरान आडवाणी काफी भावुक दिखे।

अहमदाबाद के शाहपुर हिंदी स्कूल में बने मतदान केंद्र पर मंगलवार दोपहर आडवाणी ने वोट डाला। कुछ लोग इस खास और भावुक मौके पर आडवाणी को अपने कैमरे में भी कैद करते दिखे। दरअसल, गुजरात में गांधीनगर की यह सीट 1989 से बीजेपी के कब्जे में रही है। तब पार्टी के कद्दावर नेता शंकर सिंह वाघेला यहां से जीते थे। 1991 के आम चुनाव में यहां से लाल कृष्ण आडवाणी ने पहली बार जीत दर्ज की थी। इसके बाद यहां से आडवाणी ने 6 बार जीत हासिल की। 1996 में जब आडवाणी का नाम हवाला स्कैंडल में आया था तो उन्होंने बेदाग साबित होने तक चुनावी राजनीति से दूर रहने और लोकसभा चुनाव न लड़ने का निर्णय लिया था। उस वक्त इस सीट से चुनाव लड़ने के लिए अटल बिहारी वाजपेयी से निवेदन किया गया। उस वक्त वाजपेयी ने लखनऊ के साथ गांधीनगर पर भी विजय का परचम लहराया था। हालांकि बाद में वाजपेयी ने गांधीनगर सीट छोड़ दी थी। इसके बाद हुए उपचुनाव में बीजेपी के विजयभाई पटेल यहां से जीते। 1998 से आडवाणी यहां से सीटिंग सांसद हैं।

पिछले 48 वर्ष में हर दिन 10 से ज्यादा आतंकी हमले झेल रही दुनिया, जानें- भारत व पड़ोसी देशों का हाल

नई दिल्ली, 23 अप्रैल (ए)। पड़ोसी देश श्रीलंका में हुए आतंकी हमलों से दक्षिण एशिया में आतंक के खूनी छींटें और सुर्खी हो चली है। इस क्षेत्र में यह पिछले 15 वर्षों का सबसे बड़ा आतंकी हमला है। 1970 और 2017 के बीच दुनिया भर में हुए आतंकवादी हमलों और उनमें हताहतों के विश्लेषण से पता चलता है कि दक्षिण एशिया दुनिया का दूसरा सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है। वैश्विक आतंकवाद पर सबसे व्यापक ग्लोबल टेरर डाटाबेस (जीटीडी) के विश्लेषण की भयावह तस्वीर बताती है कि 1970 से 2017 यानी पिछले 48 वर्षों में दुनिया भर में हुए कुल 1.8 लाख आतंकी हमलों में से 31 फीसद हमले दक्षिण एशिया में हुए जिनमें दुनिया की कुल 29 फीसद मौतें हुईं।

नासूर बना आतंक : आठवें दशक की शुरुआत में दक्षिण एशिया आतंकवादी हमलों से बहुत हद तक मुक्त था। धीरे-धीरे इस क्षेत्र में आतंकी हमलों की संख्या बढ़ती गई। 1970 में यहां 651 आतंकी हमले हुए। 2014 में यह आंकड़ा 17 हजार पार हो गया। हालांकि, अगले तीन वर्षों में हमलों में गिरावट दिखी और 2017 तक 10,897 रह गई। 2018 की अपनी नवीनतम रैंकिंग में ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स (जीटीआइ) ने तीन दक्षिण एशियाई देशों (अफगानिस्तान, भारत और पाकिस्तान) को आतंकवाद से प्रभावित शीर्ष 10 देशों की सूची में शामिल किया है।

गुजराती प्रेमिका के कहने पर प्रेमी ने किया मोदी के लिए प्रचार

नई दिल्ली, 23 अप्रैल (ए)। गुजराती प्रेमिका के सपने के लिए एक प्रेमी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वोट डालने की अपील कर रहा है। बिहार के पटना जिले से संबंध रखने वाले वेद प्रकाश त्रिवेदी कर्नाट प्लेस के सर्कल पर खड़े होकर मोदी को वोट देने की बात विभिन्न तरह के पोस्टर के माध्यम से कर रहे है। जो कि लोगों को बहुत लुभा रहा है। यही वजह है कि पोस्टर को लेकर लोग फोटो क्लिक कर रहे हैं। इस पोस्टर में विभिन्न तरह के स्लोगन लिखे हुए है, जैसे कि गर्लफ्रैंड की सुनो, मोदी को वोट दो और गर्लफ्रैंड के सपनों के लिए मोदी सरकार को वोट करूंगा अन्य विभिन्न स्लोगन के साथ सड़क पर उतर कर प्रचार कर रहे है। दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में इसी तरह पोस्टर को लेकर खड़े होकर मोदी सरकार को समर्थन देने के लिए युवक आग्रह कर रहा है। वेद प्रकाश तिवारी ने बताया कि उनकी गर्लफ्रैंड गुजरात से ताल्लुक रखती है। गर्लफ्रैंड ने बताया कि पीएम मोदी ने गुजरात का सीएम रहकर विकास कार्य किए। जैसे कि किसानों को बहुत सुविधाएं दी है। शराबबंदी को लेकर मोदी ने सख्त कदम उठाया। प्रेमिका की बातों से प्रेरित होकर यह कदम उठाया है। ताकि भारत देश में शहर के साथ-साथ विदेश में भी साइन करें। उन्होंने बताया कि कनॉट प्लेस के अलावा साकेत, सरोजनी नगर, नोएडा, धौला कुआं आदि क्षेत्रों में भी इसी तरह प्रचार किया है। दिल्ली के अलावा अन्य राज्यों में भी मोदी को लेकर किया प्रचार दिल्ली के अलावा मुंबई और पटना में भी प्रधानमंत्री मोदी को दोबारा लोकसभा चुनाव में जीताने के लिए प्रचार किया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के पद पर रहकर भारत की सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त किया है।

अंतरिक्ष में लगी आग पर पाया जाएगा काबू, वैज्ञानिकों ने विकसित किया वैक्यूम आधारित अग्निशामक यंत्र

टोक्यो, 23 अप्रैल (ए)। वैज्ञानिकों ने एक ऐसा अग्निशामक यंत्र विकसित किया है जो अंतरिक्ष में भी काम कर सकेगा। यह यंत्र लपटों के साथ ही दहन सामग्री को सोख लेगा। जापान के तोयोशाही यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के शोधकर्ताओं ने इस वैक्यूम आधारित अग्निशामक यंत्र को डिजाइन किया है। यह यंत्र आम तौर पर उपयोग में लाए जाने वाले अग्निशामक यंत्रों से बिल्कुल उलट काम करता है। आमतौर पर उपयोग में लाए जाने वाले अग्निशामक यंत्र आग पर स्प्रे करते हैं, जबकि यह आग को सोख लेता है, साथ ही आग लगने का स्रोत (दहन सामग्री) को भी सोख कर वैक्यूम चैंबर में पहुंचा देता है, जहां पूरी तरह से आग बुझा दी जाती है। यह सिद्धांत उस जगह पर बेहद कारगर सिद्ध होगा जहां पर खुली जगह की कमी है, जैसे की समुद्र के नीचे गहराई पर मौजूद सबमरीन या अंतरिक्ष का स्पेस स्टेशन। आग लगने पर हर जगह धुआं फैल जाता है, जिससे इन संकरी जगहों पर बहुत दिक्कतें हो सकती हैं। यह नया यंत्र आग के साथ ही धुआं और दहन सामग्री सब को वैक्यूम चैंबर में पहुंचा देगा, जिससे कि वातावरण शुद्ध रहेगा। शोधकर्ताओं ने बताया कि वर्तमान में अंतरिक्ष के लिए जिन अग्निशामक यंत्रों का उपयोग होता है वह कार्बन डाइऑक्साइड का स्प्रे करते हैं। यह इसलिए कि इलेक्ट्रानिक उपकरणों में आग लगने पर इस तरह के अग्निशामक यंत्र बेहतर सिद्ध हुए हैं। हालांकि, वैज्ञानिकों ने बताया कि स्प्रे करने वाले अग्निशामक यंत्र अंतरिक्ष के लिए सही नहीं हैं, क्योंकि इससे केबिन में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्र बढ़ जाती है। इसको स्प्रे करने से पहले ऑक्सीजन का मास्क पहनना पड़ता है, जिससे आग बुझाने में देरी होती है और नुकसान ज्यादा होता है।

यूक्रेन में कमीडियन जेलेंस्की ने भारी मतों से जीता राष्ट्रपति चुनाव

कीव, 23 अप्रैल (ए)। यूक्रेन में एक हास्य अभिनेता वोलोदिमीर जेलेंस्की भारी भरकम वोटों के साथ राष्ट्रपति का चुनाव जीत लिया है। खास बात यह है कि इस हास्य अभिनेता के पास कोई राजनीतिक अनुभव भी नहीं है। जीत के बाद उन्हें अंतरराष्ट्रीय समुदाय से बधाई मिल रही है। जारी तकरीबन पूर्ण आधिकारिक परिणाम के अनुसार हास्य अभिनेता जेलेंस्की (41) ने 73.2 फीसद वोट हासिल कर वर्तमान राष्ट्रपति पेट्रो पोरोशेंको को हराया है। राजनीतिक भूमिका के तौर पर जेलेंस्की बस एक टीवी शो में राष्ट्रपति का किरदार निभा चुके हैं। पोरोशेंको को महज 24.4 फीसद वोट ही मिले और वह हास्य अभिनेता से हार गए। रविवार के चुनाव की 85 फीसद मतगणना हो चुकी है। यह एक ऐसे चुनाव अभियान का असाधारण परिणाम है जो शुरू तो हुआ था मजाक के तौर पर लेकिन उसने मतदाताओं को अपने साथ जोड़ लिया। मतदाता सामाजिक अन्याय, भ्रष्टाचार, और रूस समर्थित पूर्वी हिस्से में अलगाववादियों के साथ लड़ाई से तंग आ चुके थे। टीवी सीरीज सर्वेंट ऑफ पीपल के स्टार अब 4.5 करोड़ जनसंख्या वाले देश की बागडोर संभालेंगे।